Children Safety

1. अपने माता - पिता/ अभिभावक का नाम, घर का पता, फोन नंबर, मोबाइल नंबर आदि याद रखें ताकि कहीं रस्ता भटक जाने या खो जाने पर आप पुलिस को बता सकें।	1. Remember your Parents name, home address, phone no. mob no. so that whenever you need, you can take help of police.
2. जब घर में माता - पिता/ अभिभावक नहीं हों तो किसी अपरचित व्यक्ति को घर के अंदर न आने दें।	2. Don't allow any stranger in your home, when your parents are not there.
3. घर में माता - पिता/ अभिभावक न होने पर यदि कोई बुलाये या दरवाजा खटखटाये तो तुरंत निकलने या दरवाजा खोलने से बचें। आगंतुक को घर में अभिभावक के नहीं होने की बात बताये और उनसे फोन में संपर्क करने को कहे।	3. When you are alone at home and someone knocks the door, don't try to open the door immediately or go out. Ask the visitor to contact your parents through phone.
4. अपने आस-पास के कम-से-कम तीन ऐसे व्यक्तिओं का फोन नंबर याद रखें, जिनसे आप आपात स्थिति में मदद ले सकें।	4. Remember at least 3 phone nos of your neighbourhood whom you can call in an emergency.
5. अजनबियों से हमेशा दूर रहें। हर किसी से दोस्ती करने से बचें, याद रखें कि अपहरणकर्ता या असमाजिक लोगों का कोई अलग रूप या व्यवहार नहीं होता, वे देखने में और व्यवहार में साधारण आदमी जैसा ही लगते हैं, अत: सावधान रहें।	5. Stay away from strangers. Don't try to make new friends. Remember that kidnapers don't look different, they behave like a normal human being.
6. अगर कोई अपरचित व्यक्ति कैंडी, उपहार देने की कोशिश करें या दोस्ती की पेशकश करें तो इससे बचने की कोशिश करें। याद रखें कि वह आपको नुकसान पहुँचा सकता है, अत: इन सभी से सतर्क रहें.	6. Don't accept gifts or chocolate from unknown persons. Avoid making new friends as they can cause harm.
7. यदि आप किसी सार्वजनिक स्थान जैसे बाज़ार या पार्क में अपने माता पिता से अलग हो गए हों तो स्वयं उनकी तलाश करने के बजाय किसी पुलिसकर्मी की मदद लें। उन्हें अपने माता पिता का नाम व पता बताये। वे निश्चित रूप से आपकी मदद करेंगे।	7. If you are lost at a market place, park or some other public place. Instead of searching your parents yourself ask for the help of a police personal. Police will help you.

8. हमेशा अपने माता-पिता/अभिभावक को यह सूचित करें कि आप कहाँ जा रहे हैं, किसके साथ जा रहे हैं, साथ में और कौन जा रहे हैं, कब तक लोटेंगे, इत्यादि| अगर लौटने में देर हो रही हो तो इसकी सूचना तुरंत अपने माता - पिता /अभिभावक दें ताकि वे आपके बारे में निश्चित हो सकें|	8. Always inform your parents wherever you are going, with who you are going, when you will be back, etc. If you think you will get late, immediately inform your parents so that they don't worry for you.
9. अपने स्कूल-बस या अपने सामान्य सवारी के अलावा अगर आप किसी अन्य के साथ सवारी कर रहे हो तो इसकी भी सूचना तुरंत अपने माता - पिता /अभिभावक दें|	9. Inform your parents if you are not travelling on your school-bus or with your daily friend.
10. अगर कोई व्यक्ति पैदल / कार से आपको बुला रहा हो तो कार के पास जाने से बचे। वे अपराधी किस्म के या अपहरणकारी भी हो सकते हैं|	10. Don't get close of a car, when someone calls you there. May be their intention is not good for you.
11. सड़क, बाज़ार, पार्क जैसे किसी सार्वजनिक स्थल में पड़ी लावारिस वस्तु (बैग, खिलौना, आदि) को हाथ न लगाये, उसके समीप न जाए, हो सकता है उसमे विस्फोटक पदार्थ हो. तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें|	11. Don't go near to any unidentified things, don't touch them. These could be bombs. Inform police about them.
12. अश्लील किताबें, मूवी, विडियो क्लिप यहाँ तक कि वैसे लोगों से भी से परहेज करें जो अश्लीलता को बढ़ावा देते हों या इसकी चर्चा करते हों.	12. Avoid using porn books, videos or even the people who discuss them.